# NITI NCAER राज्य आर्थिक मंच पोर्टल

[स्रोत: इकोनॉमिक टाइम्स](#)

केंद्रीय वित्त मंत्री ने **राष्ट्रीय अनुप्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान परिषद (NCAER)** के सहयोग से **नीति आयोग** द्वारा विकसित **"नीति NCAER राज्य आर्थिक मंच" पोर्टल** लॉन्च किया है।

- **NITI NCAER राज्य आर्थिक मंच पोर्टल:** यह पोर्टल **भारतीय राज्यों के संदर्भ में 30 वर्षों (वर्ष 1990-91 से 2022-23) के आँकड़ों** का एक व्यापक भंडार है जिसमें जनसांख्यिकी, अर्थव्यवस्था, राजकोषीय संकेतक, स्वास्थ्य, शिक्षा और राज्य वित्त पर विशेषज्ञ अनुसंधान शामिल हैं।

## पोर्टल के 4 मुख्य घटक:

- **राज्य रिपोर्ट**: इससे **28 राज्यों के वृहद और राजकोषीय परिदृश्य का सारांश** मिलता है तथा जनसांख्यिकी, आर्थिक संरचना, सामाजिक-आर्थिक और राजकोषीय क्षेत्रों के संकेतकों पर प्रकाश पड़ता है।
- **डाटा रिपोजिटरी:** इसके तहत **पाँच प्रमुख क्षेत्रों** - जनसांख्यिकी, आर्थिक संरचना, राजकोषीय संकेतक, स्वास्थ्य और शिक्षा - के**अंतर्गत वर्गीकृत व्यापक डाटाबेस तक पहुँच** मिलती है।
- **राजकोष और आर्थिक डैशबोर्ड**: इसके तहत प्रमुख आर्थिक चरों के **ग्राफिकल निरूपण और आँकड़ों के साथ सारांश तालिकाओं** तक त्वरित पहुँच मिलती है।
- **अनुसंधान और टिप्पणी :** इसके तहत **राज्य वित्त** तथा राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर **राजकोषीय नीति और वित्तीय प्रबंधन के महत्त्वपूर्ण पहलुओं** पर व्यापक अनुसंधान प्रदान करना शामिल है।

## पोर्टल का महत्त्व:

- **उपयोगकर्त्ता अनुकूल एवं तुलनात्मक उपकरण**: यह **राज्यों** की एक दूसरे के साथ एवं राष्ट्रीय औसत के साथ तुलना करने में सक्षम बनाता है।
- **नीति निर्माण हेतु सहायता: ऐतिहासिक रुझानों** और **वास्तविक समय विश्लेषण** के माध्यम से साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण का समर्थन करता है।
- **वन-स्टॉप रिसर्च हब**: यह विद्वानों, नीति निर्माताओं और हितधारकों के लिये समेकित तरीके से दीर्घकालिक डाटा तक पहुँच के क्रम में एक **केंद्रीकृत मंच** के रूप में कार्य करता है।

**और पढ़ें:** [भारत में संघवाद का भविष्य](#)